# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सारंगढ़ पुलिस को मिली सफलता, प्रेमी ने ही किया था युवती की हत्या

**रायगढ़।** दिनांक 14.08.2022 को शासकीय लोचन प्रसाद पांडे कॉलेज सारंगढ़ के भृत्य सतीश चंद्र बनज के माध्यम से थाना सारंगढ़ में सूचना मिली कि कॉलेज के पीछे खेल मैदान के पास सीमेंट के बिजली खंबा में अज्ञात महिला उम्र करीब 30-32 वर्ष का शव काला रंग के रबड़ के रस्सी से फांसी लगा पड़ा है। सूचना पाकर सारंगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण, पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टर की टीम द्वारा पीएम रिपोर्ट पर मृतिका के मृत्यु गला दबाकर हत्या करना लेख किए जाने पर प्रकरण में हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सारंगढ़ पुलिस एवं साइबर सेल की टीम को अज्ञात मृतिका के वारिसान की पता लगाकर अज्ञात आरोपी की पतासाजी के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। सारंगढ़ पुलिस अज्ञात मृतिका के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया तथा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में मृतिका के फोटोग्राफ्स प्रसारित कर वारिसान की पतासाजी का प्रयास किया गया, साथ ही एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल के सुपरविजन तथा थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव के नेतृत्व में अज्ञात मृतिका एवं आरोपी की पता तलाश हेतु थाना सारंगढ़ के स्टाफ की विशेष टीम बनाकर लगातार पतासाजी किया जा रहा था। इसी दौरान मृतिका की पहचान कमलेश्वरी आदित्य पति डिगेश्वर आदित्य निवासी अडभार चौकी अडभार थाना मालखरौदा जिला जांजगीर- चांपा के रूप में हुआ। मृतिका के परिजनों को तलब कर सारंगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक सीताराम ध्रुव द्वारा विस्तृत पूछताछ कर जानकारी लिया गया।

मृतिका के परिजन बताये कि कमलेश्वरी (मृतिका) का मायके ग्राम खरौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा है, कमलेश्वरी शादी होकर अडभार गई थी। दिनांक 11.08.2022 रक्षाबंधन के दिन कमलेश्वरी अपने पति डिगेश्वर आदित्य के साथ अपने मायके खरौद आई थी।



कमलेश्वरी किसी लड़के से मोबाइल पर बातचीत करती थी। इसी बात को लेकर 13.08.2022 को कमलेश्वरी और उसके पति के बीच लड़ाई झगड़ा हुआ था, रात करीब 11:30 बजे कमलेश्वरी का पति डिगेश्वर कमलेश्वरी को मायके में छोड़ कर अपने 3 साल के बेटे को लेकर अपने जीजा विजय आदित्य के घर चला गया। उसके बाद कमलेश्वरी का प्रेमी संदीप आदित्य उर्फ सुशांत उर्फ अंशु आदित्य निवासी किकिरदा थाना बिर्रा जिला जांजगीर- चांपा, ग्राम खरौद आकर अपने मोटरसाइकिल में कमलेश्वरी को बैठाकर कोसीर होते सारंगढ़ शासकीय लोचन प्रसाद पांडे कॉलेज खेल ग्राउंड पहुंचा। कमलेश्वरी उर्फ स्वीटी संदीप आदित्य को अपने साथ ओडिशा ले चलो बोल रही थी। संदीप उसे मैं रायपुर लेकर जाऊंगा मेरा उड़ीसा में कोई नहीं है कहने लगा। कमलेश्वरी के बार-बार ओड़िशा ले जाने की जिद करने पर दोनों के बीच काफी बहस एवं मारपीट हुआ। कमलेश्वरी संदीप को जब मुझे अपने साथ उड़ीसा नहीं ले जा सकते तो मुझे मेरे मायके खरौद से क्यों लाए हो कहकर संदीप के गाल में दो थप्पड़ मारी जिससे संदीप भी कमलेश्वरी के गाल में दो थप्पड़ मारा। कमलेश्वरी में जमीन पर गिर गई तब संदीप अपने मोटरसाइकिल की डिक्की में रखें काला रंग के रबड़ के रस्सी को निकालकर कमलेश्वरी के गले में फंदा बनाकर रस्सी की एक छोर को पैर से दबाकर दोनों हाथ से दूसरे छोर के रस्सी को खींचा जिससे कमलेश्वरी छटपटाई और मर गई। आरोपी संदीप आदित्य कमलेश्वरी की हत्या को फांसी का स्वरूप देने के लिए वहीं सीमेंट के बिजली खम्भा से शव को गले में काले रंग का रस्सी को बांधकर फांसी का फंदा बनाकर लटका दिया और हत्या के बाद आरोपी संदीप आदित्य अपने मोटर साइकल हीरो होंडा नियो काला रंग सीजी 12 ए.वाई. 2499 से अपने घर की किकिरदा चला गया। जहां से पुलिस से बचने रायपुर भाग गया, पुलिस की विवेचना दौरान साइबर टीम एवं मखबिरों की मदद से सारंगढ़ पुलिस की टीम आरोपी के रायपुर में छिपे होने की सूचना पर रायपुर रवाना हुई। दिनांक 19.08.2022 को आरोपी के फैक्ट्री में काम करने की जानकारी पर पुलिस रेड कर आरोपी संदीप आदित्य को हिरासत में लेकर सारंगढ़ लाया गया।

आरोपी संदीप आदित्य अपने मेमोरेंडम बयान में बताया कि 3-4 माह पहले कमलेश्वरी से व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग हुआ था। दिनांक 13.08.2022 को कमलेश्वरी अपने मायके खरौद लेने आने बुलाने पर कमलेश्वरी को मोटरसाइकिल में बिठाकर सारंगढ़ लाना और कालेज खेल ग्राउंड में हत्या करना कबूल किया है। आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक रेनकोट, दो नग मोबाइल जिसमें चार सिम, 3 मेमोरी कार्ड लगे हुए हैं। आरोपी संदीप आदित्य उर्फ अंशु आदित्य उर्फ सुशांत पिता सीताराम आदित्य उम्र 25 साल निवासी ग्राम किकिरदा थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चाम्पा के कबूलनामे के बाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सारंगढ़ के मार्गदर्शन पर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने तथा आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक सीताराम ध्रुव, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल तथा सारंगढ़ थाने के सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण पुरी गोस्वामी, सहायक उप निरीक्षक राजेश यादव, प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, राजेश साहू, आरक्षक पुरुषोत्तम राठौर मुकेश चंद्रा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, जयराम साहू, राजेश खड़िया, भवानी शंकर धांगड, गजराज सिदार, भूपेंद्र साहू तथा प्रशांत पंडा (सायबर सेल) की सराहनीय भूमिका रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायगढ़ जिले में 916 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 अगस्त तक 916 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 40.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1135.3 मिली मीटर, पुसौर में 1188.9, खरसिया में 929.8, सारंगढ़ में 1190.3, बरमकेला में 868.1, घरघोड़ा में 729.5, तमनार में 946.9, लैलूंगा में 805.8, धरमजयगढ़ में 779.2, सरिया में 831.3 एवं छाल में 671 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### नक्सलियों ने राजनैतिक बंदियों को रिहा करने की मांग की

**सुकमा (आरएनएस)।** नक्सलियों की मध्य रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता प्रताप ने प्रेस नोट जारी कर राजनैतिक बंदियों की रिहाई की मांग की करते हुए कहा गया है कि 18 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनैतिक बंदी दिवस मनाया जाता है, जिसे बरकरार रखते हुए राजनैतिक बंदियों की निशर्त रिहा किया जावे। नक्सली प्रवक्ता ने जारी प्रेस नोट में भारत के क्रांतिकारी आंदोलन में अपने लक्ष्य को हासिल करने संघर्ष में जेल में शहीद हुए सभी क्रांतिकारी वीर योद्धाओं को देश में चल रहे फासीवादी शासन में नागरिक स्वतंत्रता का हनन होने का आरोप लगाया है। संविधान में हमारे लिए कुछ मुलभूत अधिकारों का आश्वासन दिया गया है, लेकिन धीरे-धीरे वह सब कमजोर होने का आरोप लगाते हुए नागरिकों को अभिव्यक्ति की न्यूनतम आजादी या विरोध करने के हक को छिने जाने का आरोप लगाया गया है।

### अवैध शराब बेचते दो कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेचते दो कोचियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 55 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने रजबंधा मैदान के पास अवैध शराब बेचते आरोपी फिरोज खान 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 10 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने भानसोज मोड़ के पास अवैध शराब बेचते आरोपी संतोष यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 45 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ट्रैन से कटकर बी फार्मा की छात्रा ने की खुदकुशी

**भिलाई (आरएनएस)।** शनिवार की शाम लगभग 6:30 बजे सुपेला रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस द्वारा लडक़ी के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लडक़ी मोबाइल में किसी से बात करते करते चलती ट्रेन के सामने कूद गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। बीफार्मा की छात्रा ने शनिवार शाम ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। छात्रा की पहचान कुमारी वर्णी नेताम (18) के रूप में हुई है। वह रिसाली सेक्टर की रहने वाली है। उसके पिता संतराम नेताम ने मामले की शिकायत भिलाई नगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। भिलाई नगर टीआई राजेश साहू ने बताया कि घटना शनिवार शाम 6 बजे के आसपास की है। रिसाली सेक्टर निवासी वर्णी नेताम अपने घर से स्कूटर से निकली थी। इसके बाद वह सुपेला फाटक के पास पहुंची और सडक़ के किनारे स्कूटर को खड़ा कर दिया। फिर रेलवे ट्रैक पर सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेन के आगे कूद गई। इससे उसके शरीर के टुकड़े हो गए।

# होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में प्रवेश हेतु 25 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर में होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स-बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन), डिप्लोमा कोर्स-डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग



आपरेशन का संचालन, छ.ग. शासन द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उक्त डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों से 25 अगस्त 2022 तक ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। चूंकि प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है अत: अधिक आवेदन होने पर मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु चयन किया जाएगा। डिग्री, डिप्लोमा कोर्स की अवधि पूर्ण करने हेतु आवेदकों के शिक्षण शुल्क एवं छात्रावास तथा मेस शुल्क जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जावेगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र की सूची तथा आवेदन फार्म हेतु जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in एवं कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# मेला देखकर घर लौट रही युवती से छेड़खानी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ ने की त्वरित कार्यवाई

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ पुलिस छेड़खानी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों द्वारा मेला देखकर घर लौट रही महिला से छेड़खानी किया गया था, महिला के द्वारा रिपोर्ट करने पर पुलिस की कार्रवाई से बचने अपने घरों से फरार हो गये थे , तीनों को थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा द्वारा अपने स्टाफ के साथ धरमजयगढ़, लैलूंगा और घरघोड़ा क्षेत्र में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया, जिन्हें रिमांड पर पेश किया गया है।



पीड़िता दिनांक 20.08.2022 को थाना धरमजयगढ़ में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर बताई कि दिनांक 12/07/2022 को अपने देवर और बच्चों के साथ नजदीक गांव सास के घर गए थे, उसी रोज देवर और बच्चों के साथ रथ मेला देखने गये, मेला देखकर वापस घर लौटते समय रात्रि करीब 01.30 बजे रास्ते में 3 व्यक्ति श्याम यादव, हरिराम यादव और विकास यादव रास्ता रोककर अश्लील बातें कहकर छेड़खानी करने लगे, देवर बीच-बचाव किया तो उसे धक्का-मुक्की मारपीट किए उनकी गंदी हरकतें देखकर बच्चे रोने लगे। तब तीनों छोड़कर भागे। लोकलाज के डर से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। पीड़ित महिला द्वाराआरोपियों पर कार्यवाही के लिए रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर थाना धरमजयगढ़ में आरोपियों के विरुद्ध रास्ता रोककर छेड़खानी, मारपीट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तीनों आरोपी अलग-अलग थानाक्षेत्र के रहने वाले हैं, जिनके फरार होने की अंदेशा पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उपनिरीक्षक नंद लाल पैकरा तत्काल हमराह स्टाफ के साथ आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना हुये और आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आरोपियों को धारा 341,354,294,323,506,34 IPC में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा JMFC धरमजयगढ़ के न्यायालय पेश किया गया है।

# ढाबे के पास अवैध गांजा बिक्री की फिराक में घूम रहा बदमाश गिरफ्तार, आरोपी से दा किलो 100 ग्राम गांजा जब्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा पर कार्यवाही के दिए गए दिशा-निर्देशों के तारतम्य में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लगातार क्षेत्र में अवैध शराब एवं जुआ-सट्टा पर कार्यवाही किया जा रहा है पिछले 20 दिनों में घरघोड़ा पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट कार्रवाई के साथ 16 आबकारी एक्ट की कार्यवाही तथा मुखबीर सूचना पर अलग-अलग चार स्थानों पर खुडखुड़िया नामक जुआ खिला रहे 4 आरोपियों को पकड़ा गया है जिनसे रु.12,010 नगद की जब्ती की गई है, आरोपियों पर धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया है।



क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर निगाह रखने एवं सूचनाएं देने थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा अपने थाने के स्टाफ एवं मुखबीर लगा रखा गया है। इसी क्रम में कल दिनांक 20/08/2022 के रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज को मुखबिर से सूचना मिली कि बाईपास रोड घरघोड़ा बंगाली ढाबा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिए रखा है जो ग्राहक तलाश में इधर उधर घूम रहा है। थाना प्रभारी बगैर वक्त गंवाए अपने स्टाफ और गवाहों को लेकर मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। संदिग्ध का हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर युवक अपना नाम अंकित पांडे पिता स्वर्गीय विनोद पांडे उम्र 24 वर्ष बाजार पारा लैलूंगा का बताया जिसकी तलाशी पर आरोपी के पास से एक थैले के अंदर दो पैकेट गांजा का मिला जिसका वजन 2 किलो 100 ग्राम गांजा पाया तथा बाजार मूल्य करीब रु.10,500 है। आरोपी द्वारा गांजा बिक्री के लिए रखना कबूल किये जाने पर आरोपी से अवैध गांजा की जब्ती कर आरोपी अंकित पांडे पर थाना घरघोड़ा में 20(B) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज, आरक्षक नंद कुमार पैकरा, खगेश्वर नेताम, अमरदीप एक्का की अहम भूमिका रही है।

आरोपी अंकित पांडे थाना लैलूंगा का गुंडा बदमाश है, आरोपी के विरुद्ध थाना लैलूंगा में मारपीट के 2 अपराध, 1 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज है। लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी पर 107,116(3) CrPC की कार्यवाही के साथ धारा 110 CrPC की दो बार कार्यवाही किया जा चुका है। आरोपी के अपराधिक प्रवृत्ति में सुधार नहीं देखते हुए थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा आरोपी अंकित पांडे को खुली निगरानी में लाए जाने हेतु प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

# स्पीड-रडार गन से तेज रफ्तार 10 वाहनों पर हुई चालानी कार्यवाही

**जगदलपुर (आरएनएस)।** यातायात पुलिस की ओर से बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों एवं शराब पीकर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 10 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई के साथ ही लाइसेंस निरस्त करने का प्रस्ताव आरटीओ के पास भेजा है। यातायात पुलिस के वाहन में स्पीड रडार गन लगी हुई है, जो तेज रफ्तार वाहनों के स्पीड को रिकार्ड करती है तथा विडियो-फोटो अपलोड करती है। स्पीड-रडार गन मशीन की सहायता से तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया जा रहा है।



यातायात प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने बताया कि अधिकांश सडक़ दुर्घटनाएं तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाने के कारण घटित होती हैं। इसके चलते प्रति वर्ष वाहन दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की अकारण मृत्यु हो जाती है एवं कई लोग सडक़ दुर्घटनाओं में विकलांग हो जाते हैं। सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। चालानी कार्रवाई के साथ ही लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई के लिए आरटीओ के पास भेजा गया है।

# मौसम विभाग ने दी चेतावनी : आने वाले 24 घन्टे में छत्तीसगढ़ सहित तीन अन्य राज्यो में हो सकती हैं भारी बारिश

### ❒ ओडिशा में बने कम दबाव के कारण बना सिस्टम

**रायपुर (आरएनएस)।** ओडिशा में कम दबाव का एक क्षेत्र बनने से मूसलाधार बारिश होने के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है जिससे कुछ राज्यों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि डीप डिप्रेशन उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ गया है, अब उत्तर ओडिशा और दक्षिण झारखंड के पास में डीप डिप्रेशन है। इसके प्रभाव में ओडिशा के सुदरगढ़, देवगढ़ आदि जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि कल से कुछ जगहों में कम बारिश हो सकती है और कुछ जगहों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मछुआरों को समुद्र के किनारे जाने के लिए मना किया गया है।

आने वाले24 घंटों के दौरान, दक्षिण झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वी और मध्य मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश संभव है। आंतरिक ओडिशा, दक्षिण उत्तर प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों और



पूर्वी राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी हिमालय और विदर्भ में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, केरल, तटीय कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र और बिहार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, गुजरात, तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा के शेष हिस्सों में हल्की बारिश संभव है। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में एक या दो जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है।

# जिले के विद्यार्थियों ने सिनेमा घर में देखी 'गांधी' फिल्म

### ❒ शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए निशुल्क किया गया फिल्म का प्रदर्शन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में 20 से 30 अगस्त 2022 तक सभी मॉल व मल्टीप्लेक्स तथा टॉकीज में प्रात: 9 बजे से 12.30 बजे तक रिचर्ड एटनबेरो कृत ऐतिहासिक गांधी फिल्म का नि:शुल्क प्रदर्शन किया जाना है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के गोपी टॉकीज व ग्रांड माल में रिचर्ड एटनबरो कृत ऐतिहासिक फिल्म 'गांधी' का नि:शुल्क प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि यह फिल्म शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को दिखाने हेतु प्रदर्शित की जा रही है। इसी कड़ी में 21 अगस्त 2022 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के गोपी टॉकीज व ग्रांड मॉल में बच्चों के लिए फिल्म गांधी का नि:शुल्क प्रदर्शन किया गया। गोपी टॉकीज में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल रायगढ़ के लगभग 150 बच्चों ने महात्मा गांधी पर आधारित फिल्म गांधी का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ फिल्म गांधी देखा। स्कूली बच्चों ने पूर्ण अनुशासित होकर अपने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में मल्टीप्लेक्स में फिल्म गांधी के विभिन्न पहलुओं को बड़ी



गंभीरता के साथ देखा एवं फिल्म प्रदर्शन के पश्चात अपने जिज्ञासा को संबंधित शिक्षकों एवं जिला प्रशासन से आए हुए अधिकारियों के मध्य साझा किया। फिल्म देखने के बाद बच्चों ने प्रतिक्रिया स्वरूप कहा कि यह फिल्म उनके लिए दो तरह से लाभकारी रही। एक तो वे सभी इस ऐतिहासिक फिल्म को देख पाए तथा दूसरा मॉल व मल्टीप्लेक्स जैसे आकर्षक जगह को देख व घूम पाए। इस तरह रविवार का यह दिन उनके लिए अविस्मरणीय रहा। आज फिल्म के प्रदर्शन के समय जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य सभी जगह उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते रहे। उनके मार्गदर्शन में अवकाश के दिन बच्चों को अनुशासित व आरामदायक वातावरण में फिल्म देखने का अवसर प्राप्त हुआ। आज सभी प्रदर्शन स्थलों पर जिला, विकासखंड तथा संकुल स्तर के अधिकारी समन्वय आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अनुशासन एवं व्यवस्था को संभाले हुए थे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक जे.के.राठौर, सहायक परियोजना अधिकारी, प्राचार्य चंद्रा, बीआरसीसी मनोज अग्रवाल, सीएसई मनोज पटेल, प्राचार्य राजेश डेनियल, सीएसी सुरेश पटेल, जगत राम जाफरी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

गांधी फिल्म देखने वाले विद्यालयों में शासकीय उच्च माध्य विद्या चक्रधर नगर, उमावि जूटमिल, सरदार बल्लभभाई पटेल उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम विद्यालय, शालिनी कॉन्वेंट स्कूल, तिलक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, बाबा आदर्श स्कूल चक्रधर नगर, सेंट्रल स्कूल रायगढ़ के विद्यार्थीगण एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480